# बीईएमएल ने सीएसआईआर-एनएएल के साथ समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर किया

उन्नत कम्पोज़िट तथा ऑटोक्लेव्स, मिनि मानवरहित वायवीय वाहनों के क्षेत्रों में विकास करने और एयरक्राफ्ट संरचना तथा प्रणालियों के विकास करने हेतु बीईएमएल लिमिटेड ने वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)-राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशाला (एनएएल) से साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) में हस्ताक्षर किया।

बीईएमएल ने प्रौद्योगिकी अंतरण (टीओटी) के माध्यम से 2 सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट के संयुक्त विकास करने के लिए भी एनएएल के साथ काम किया।

बेंगलूर में संपन्न एयरोशो में, श्री एम वी राजशेखर, सीएमडी, बीईएमएल की उपस्थिति में श्री ए के श्रीवास्तव, निदेशक रक्षा एवं वांतरिक्ष ने श्री आर वेंकटेश, निदेशक व्यवसायिक विकास, एनएएल के साथ प्रतियों का आदान प्रदान किया।

यह बीईएमएल को वांतरिक्ष क्षेत्र में अपने पदचिह्न को बढ़ाने में मदद करेगा।

टे, मध्यम आकार के नागरिक एयरक्राफ्ट बनाना और सभी राष्ट्रीय वांतरिक्ष कार्यक्रमों का समर्थन देना है।

श्री एम वी राजशेखर, सीएमडी, बीईएमएल की उपस्थिति में श्री ए के श्रीवास्तव, निदेशक रक्षा एवं वांतरिक्ष ने श्री आर वेंकटेश, निदेशक व्यवसायिक विकास, एनएएल के साथ प्रतियों का आदान प्रदान करते हैं

श्री एम वी राजशेखर, सीएमडी, बीईएमएल की उपस्थिति में श्री ए के श्रीवास्तव, निदेशक रक्षा एवं वांतरिक्ष ने श्री आर वेंकटेश, निदेशक व्यवसायिक विकास, एनएएल के साथ प्रतियों का आदान प्रदान करते हैं

**बीईएमएल लिमिटेड के बारे में :**

बीईएमएल लिमिटेड रक्षा मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख बहु-प्रौद्योगिकी 'शेड्यूल ए' कंपनी है, जो रक्षा, रेल, पॉवर, खनन एवं निर्माण जैसे भारत के प्रमुख क्षेत्रों को विश्वस्तरीय उत्पादों को प्रदान करने में सेवा करते हुए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीईएमएल तीन कार्यक्षेत्रों, यथा रक्षा एवं वांतरिक्ष, खनन एवं निर्माण और रेल व मेट्रो में अपना संचालन करता है तथा बेंगलूर, कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ़), मैसूर तथा पालक्काड़ में नवोन्मेष विनिर्माण सुविधाएँ उपलब्ध हैं। बीईएमएल में बिक्री एवं सेवाओं के देशव्यापी नेटवर्क के साथ मज़बूत अनुसंधान एवं विकास की आंतरिक संरचना भी है।

**सीएसआईआर-एनएएल के बारे में :**

राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएँ (एनएएल), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारत का एक अंग है। सीएसआईआर-एनएएल एक उच्च प्रौद्योगिकी उन्मुख संस्थान है, जो वांतरिक्ष के उन्नत विषयों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। सीएसआईआर-एनएएल में विभिन्न प्रकार की उन्नत परीक्षण सुविधाएँ उपलब्ध हैं, और उनमें से अधिकांश सुविधाएँ राष्ट्रीय सुविधाओं में के रूप में मान्यता प्राप्त हैं। सीएसआईआर-एनएएल ने भारतीय राष्ट्रीय वांतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण मूल्यवर्धित इनपुट प्रदान किए हैं। सीएसआईआर-एनएएल का जनादेश मज़बूत विज्ञान सामग्रियों के साथ वांतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को विकसित करना, डिज़ाइन करना तथा छो